दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

NNI हर खबर पर पक्की नजर

पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान

सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष:06, अंक:-15, पृष्ठ: 12 | मंगलवार, 21 जुलाई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# पेपर लीक के दोषियों को सजा मिलेगी: पीएम मोदी

## राहुल बोले- पीएम छात्रों से माफी मांगें, जंतर-मंतर पर नारेबाजी





**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी का जंतर-मंतर पर मंगलवार को 32वें दिन प्रदर्शन जारी है। दोपहर 12 बजे तक हजारों की संख्या में आंदोलनकारी मौजूद हैं। सुबह कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने इन्हें नाश्ता बांटा।

उधर, आज सुबह जब सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस पहुंची तो सीजेपी समर्थकों ने हाय-हाय के नारे लगाए। इससे पहले संसद मार्च के बाद दिल्ली पुलिस ने सोमवार की देर शाम को जंतर-मंतर खाली करा लिया था। लेकिन आंदोलनकारी देर फिर एकत्रित हो गए। इस बीच एनडीए संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि पेपर लीक मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक में कहा कि नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में सरकार ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने बैठक के बाद यह जानकारी दी। रिजिजू के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने कहा कि नीट पुनर्परीक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई और छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो, इसलिए बिना किसी देरी के परिणाम घोषित किए गए। प्रधानमंत्री ने बैठक में यह भी बताया कि पेपर लीक की घटना सामने आते ही सरकार ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 13 लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल लोगों को जेल भेजा गया है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त व्यवस्था की गई है।

सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा, 'हम संसद मार्च आज इसलिए नहीं निकाल रहे हैं, क्योंकि इस सरकार और पुलिस ने छात्रों का खून बहाया है। इन्हें छात्रों की कोई परवाह नहीं है, लेकिन हमें है।'

सोनम वांगचुक आज भी अनशन पर हैं। उन्होंने कहा- पुलिस की कार्रवाई देखने के बाद अपना अनशन जारी रखने का फैसला किया है।

इस मुद्दे पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के अलावा पीएम और गृहमंत्री इस्तीफा दें और छात्रों से माफी मांगें। इस मामले में जवाबदारी तय होनी ही चाहिए।

**राहुल गांधी**

देश, खासकर राजधानी से जुड़े कई गंभीर मुद्दे हैं। हमने कल जो कुछ हुआ, वह देखा। अगर इन मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद सही मंच नहीं है, तो फिर कौन सा मंच है?

**शशि थरूर**

छात्रों पर आंसू गैस क्यों छोड़ी गई, क्यों लाठीचार्ज किया गया। आज कई छात्र अस्पताल में हैं। उन्होंने सरकार से प्रदर्शनकारियों और जेपी नड्डा के बीच हुई बातचीत की जानकारी सदन में देने की मांग की।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

यह सरकार पूरी तरह युवा विरोधी है। यह युवाओं, गरीबों और किसानों के खिलाफ है। पिछले 12 साल से हम यही देख रहे हैं।

**प्रियंका गांधी वाड्रा**
**कांग्रेस सांसद**

### पेपर लीक मुद्दे पर राहुल गांधी स्पीकर से मिले

# लोकसभा में चर्चा हो



**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई है। विपक्ष ने नीट पेपर लीक पर चर्चा की मांग की, प्लेकार्ड दिखाए और नारेबाजी की, जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी गई।

इससे पहले, जब 11 बजे संसद शुरू हुई थी तब भी दोनों सदनों की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी गई थी। सदन के बाहर आकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमें संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है, लोकतंत्र में ऐसा करना गलत है। वहीं, नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भी लोकसभा स्पीकर से मुलाकात की। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल और सैयद नासिर हुसैन ने राज्यसभा में नियम 267 के तहत काम रोकने का नोटिस दिया है। उन्होंने नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले पर तुरंत चर्चा कराने की मांग की है।

## प्रदर्शन के दौरान हिंसा, चंद्रशेखर और समर्थकों पर लगे बड़े आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी ने फिर से प्रोटेस्ट शुरू कर दिया है। सोमवार को प्रदर्शन और संसद मार्च के दौरान हुई हिंसा के बाद पुलिस ने जंतर मंतर को खाली करवा लिया था लेकिन देर रात होते होते प्रदर्शनकारी फिर से वहां पर जुटने लगे। वहीं, पुलिस प्रदर्शनकारियों पर एक्शन की तैयारी कर रही है। प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। अब इस पूरे मामले में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रमुख और सांसद चंद्रशेखर आजाद पर बड़े आरोप लगे हैं। जानकारी के अनुसार, चंद्रशेखर के साथ 8 से 10000 लोग जय सिंह रोड पर इकट्ठा होकर संसद जाने की कोशिश कर रहे थे। पब्लिक के लिए रास्ता ब्लॉक कर दिया था। इस दौरान नई दिल्ली के डीसीपी सचिन शर्मा, सेंट्रल डीसीपी रोहित राजबीर रोड खाली कराने के लिए गए।

इस दौरान चंद्रशेखर के समर्थकों ने कुछ असामाजिक तत्वों ने कॉपरेटिव सोसाइटी की टाइल पत्थर तोड़कर हमला किया, कांच की बोतलों से हमला किया, जूतों से हमला किया, पत्थर मारे।

# यूपी कैबिनेट: छात्राओं को स्कूटी, दो नए एक्सप्रेसवे और संभल रिपोर्ट पर मुहर

**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार को कालीदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर सीएम योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में 18 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें दो नए एक्सप्रेसवे बनाए जाने को मंजूरी मिली है। संभल रिपोर्ट भी पास की गई है। इसके साथ ही आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले लिंक एक्सप्रेसवे और अन्य परियोजनाओं के ईपीसी मोड में निर्माण के लिए विकासकर्ता चयन संबंधी प्रस्ताव पर भी मुहर लगी। इसके अलावा महिला कल्याण, सचिवालय प्रशासन, गृह विभाग, उच्च शिक्षा, राज्यकर परिवहन, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन और सहकारिता विभाग के प्रस्ताव पास हुए।

पहला एक्सप्रेसवे प्रयागराज से सोनभद्र तक 333 किमी लंबा होगा। इसकी लागत 26 हजार करोड़ होगी। दूसरा विंध्य-पूर्वांचल लिंक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे होगा। इसे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। इसकी कुल लंबाई 117 किमी होगी। योजना के लिए 9039 करोड़ राशि है। इसमें से 5628 करोड निर्माण के लिए एवं बाकी पैसा 1731 हैक्टेयर



जमीन खरीदी जाएगी। यह गाजीपुर, मिजार्पुर और चंदौली होकर बनेगा। तीसरा प्रस्ताव पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर डायवर्जन के लिए है। इसकी लंबाई 1.18 किमी होगी। क्योंकि ज्यादा मकान रास्ते में आ रहे थे। इसकी कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के तीन प्रस्ताव पास हुए हैं। इसमें रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना, शोध पीठ स्थापना, महिला छात्रावास शामिल है। महिला सशक्तिकरण के लिए रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना से सभी कॉलेज की टॉप 5 छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी। इसके लिए 400 करोड़ का बजट रखा गया है। करीब 50 हजार छात्राओं को लाभ मिलेगा।

### विधानमंडल का मानसून सत्र तीन से छह अगस्त तक

विधानमंडल का मानसून सत्र तीन से छह अगस्त तक चलेगा। इस दौरान राज्य सरकार अपने विधायी कार्य निपटाएगी। इसमें अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया। यूपी विधानमंडल का आगामी सत्र भी संसद की तरह हंगामेदार होने की आशंका जताई जा रही है। इस दौरान विपक्ष राम मंदिर चढ़ावा चोरी समेत कई मुद्दों पर राज्य सरकार की घेराबंदी कर सकता है।

## सिक्किम की निमार्णाधीन टनल पर लैंडस्लाइड

# 10 मजदूरों की मौत, 17 अब भी फंसे

**नामची।** सिक्किम में सोमवार को एक टनल पर लैंडस्लाइड होने से उसका एंट्री गेट बंद हो गया, जिससे अंदर मौजूद 27 मजदूर फंस गए। इनमें से 10 की मौत हो गई। बाकी 17 मजदूर अब भी फंसे हैं।

नामची जिले के मामरिंग स्थित समरदुंग सुरंग में निर्माण कार्य चल रहा था। जिला कलेक्टर अनुपा तामलिंग ने बताया कि फंसे हुए मजदूरों की संख्या 27 से कम या ज्यादा भी हो सकती है। सुरंग में मीथेन गैस लीक होने की आशंका है। कई बचावकर्मियों को अंदर जाने के दौरान चक्कर आए। कुछ बेहोश भी हो गए, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ।

जिला अधिकारी तमलिंग ने बताया कि दोपहर करीब 3:40 बजे प्रशासन को हादसे की खबर मिली। इसके बाद एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जिला पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं। सुरंग में पटेल इंजीनियरिंग के 21 और एनएचपीसी के 6 समेत कुल 27 मजदूर फंसे होने की आशंका है।



पश्चिम बंगाल से भी गैस-रोधी उपकरणों के साथ एक स्पेशल रेस्क्यू टीम लाई गई है। एंबुलेंस को तैयार रखा गया है। बचाव दल गैस मास्क पहनकर मजदूरों तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है। यह टनल तीस्ता स्टेज-6 हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के लिए पटेल इंजीनियरिंग कंपनी बना रही थी।

**गैस निकालने के दौरा हुआ विस्फोट**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सुरंग के प्रवेश द्वार से करीब 1.5 किलोमीटर भीतर मीथेन गैस जमा हो गई थी। गैस निकालने की कोशिश के दौरान विस्फोट जैसी स्थिति बनने के बाद सुरंग के भीतर भूस्खलन हुआ, जिससे बाहर निकलने का रास्ता बंद हो गया। कुछ मजदूर समय रहते बाहर निकल आए, जबकि कई अंदर फंस गए। राहत एवं बचाव अभियान गैस रिसाव और ऑक्सीजन की कमी के कारण बेहद चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जिला पुलिस, फायर एंड इमरजेंसी सर्विस की टीमें मौके पर तैनात है।

# अमेरिका ने माना- ईरानी हमलों में 100 सैनिक घायल

## अमेरिका का 9 ईरानी शहरों पर हमला



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मान लिया है कि ईरान के जवाबी हमलों में उसके करीब 100 सैनिक घायल हुए हैं। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये सैनिक 7 जुलाई के बाद हुए हमलों में घायल हुए। इनमें से 96% सैनिक ठीक होकर ड्यूटी पर लौट चुके हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर को हल्की सिर की चोट (कनकशन) लगी थी।

पार्नेल ने यह बयान उस रिपोर्ट के जवाब में दिया, जिसमें दावा किया गया था कि रक्षा मंत्रालय ईरान के साथ युद्ध में घायल हुए अमेरिकी सैनिकों की जानकारी सार्वजनिक नहीं कर रहा है। पार्नेल ने कहा कि इसमें जानबूझकर देरी हुई। ऐसा सैनिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया गया। उधर अमेरिका और ईरान के बीच लगातार हमले जारी हैं। ईरान ने सोमवार को उन देशों को निशाना बनाया, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। इसके जवाब में अमेरिका ने मंगलवार सुबह ईरान के 9 शहरों पर हवाई हमले किए। अबदानान, बंदर अब्बास, बंदर लेंगेह, बुशेहर, चाबहार, केश्म द्वीप, सीरिक, शीराज और कोनारक को निशाना बनाया गया।

**ईरान के हमलों में 100 अमेरिकी सैनिक घायल**

अमेरिका ने मान लिया है कि ईरान के जवाबी हमलों में उसके करीब 100 सैनिक घायल हुए हैं। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये सैनिक 7 जुलाई के बाद हुए हमलों में घायल हुए। इनमें से 96% सैनिक ठीक होकर ड्यूटी पर लौट चुके हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर को हल्की सिर की चोट (कनकशन) लगी थी। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने दावा किया है कि उसने बहरीन में अमेरिका से जुड़े एक व्यावसायिक ठिकाने पर हमला किया है। उसकी एयरोस्पेस फोर्स ने क्रूज मिसाइलों से हमला कर अमेजन के केंद्रीय डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर को नष्ट कर दिया। यह हमला डारखोविन में नागरिक ढांचे पर हाल में हुए अमेरिकी हमलों के जवाब में किया गया।

## एमपी-राजस्थान में मानसून फिर एक्टिव

# जम्मू-कश्मीर में बाढ़ से 23 मौतें, गुवाहाटी में लैंडस्लाइड



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश से हालात गंभीर बने हुए हैं। पिछले दो दिनों में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। पुंछ और राजौरी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सात लोग अब भी लापता हैं। लगातार बारिश के कारण राहत और बचाव अभियान प्रभावित हुआ।

सोमवार को भारी बारिश के बाद असम के गुवाहाटी में लैंडस्लाइड हुई। इसके बाद नेशनल हाईवे-715 का एक हिस्सा पानी में डूब गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य के 12 जिलों में 1.70 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। एमपी के लगभग 90% हिस्से में अगले 4 दिन यानी 23 जुलाई तक हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। राजस्थान में दो हफ्ते बाद मानसून एक बार फिर एक्टिव होने से जयपुर समेत 33 जिलों में बारिश का अलर्ट है।

यूपी में मानसूनी पूरी तरह से सक्रिय है। उत्तर प्रदेश में सोमवार को प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में मूसलाधार बारिश देखने को मिली। खासकर बरेली, लखीमपुर खीरी, रामपुर, शाहजहांपुर जैसे जिलों में अच्छी वर्षा दर्ज की गई। लगातार बारिश से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली।

सोमवार को तराई के कई जिलों में जोरदार बारिश हुई। बरेली में सर्वाधिक 174 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके बाद लखीमपुर खीरी में 160 मिमी, रामपुर में 152 मिमी और शाहजहांपुर में 150.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई।

# गाजियाबाद-दिल्ली रेलखंड पर मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतरे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद-नई दिल्ली रेलखंड पर मंगलवार को एक मालगाड़ी के छह लदे हुए डिब्बे पटरी से उतर जाने से रेल यातायात प्रभावित हो गया। हादसे के बाद उत्तर रेलवे ने कई ईएमयू और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द, आंशिक रूप से रद्द तथा मार्ग परिवर्तित कर संचालित किया। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम), अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। रेलवे की टीमें तत्काल बहाली कार्य में जुट गईं ताकि प्रभावित रेलखंड पर जल्द से जल्द सामान्य परिचालन शुरू किया जा सके। इस दुर्घटना के कारण गाजियाबाद-नई दिल्ली, नई दिल्ली-गाजियाबाद, दिल्ली-शाहिबाबाद और शाहिबाबाद-दिल्ली के बीच चलने वाली कई ईएमयू लोकल ट्रेनें रद्द करनी पड़ीं। इसके अलावा कुछ ट्रेनों को गाजियाबाद से ही चलाया गया या वहीं तक सीमित कर दिया गया, जिससे दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# शादियों के लिए उत्तम है उत्तर प्रदेश-वेडिंग एसोसिएशन

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के होटल में आयोजित इंटरनेशनल इंडियन वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव 2026 का भव्य शुभारंभ राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में देश भर से आए वेडिंग प्लानर, इवेंट मैनेजर, होटलियर्स और टूरिज्म इंडस्ट्री के दिग्गजों ने भाग लिया।

कॉन्क्लेव के विशेष सत्र में वेडिंग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश की वेडिंग इंडस्ट्री की अपार संभावनाओं को प्रस्तुत किया। वेडिंग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल संगठन के अध्यक्ष मनीष कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में इस आयोजन में प्रमुखता से शामिल हुआ। उनके साथ संगठन के महासचिव संदीप उपाध्याय, उपाध्यक्ष सौरभ सिंघल और एडमिनिस्ट्रेटर अनिल भी उपस्थित रहे।




अध्यक्ष मनीष कुमार अग्रवाल ने अपने प्रेजेंटेशन में कहा, उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भारत का सबसे समृद्ध प्रदेश है। यहां आने वाला हर अतिथि एक विशेष अनुभव लेकर जाता है। आगरा का ताज, अयोध्या की आस्था, काशी के घाट और प्रयागराज का संगम - ये सब मिलकर यूपी को 'वेडिंग के लिए उत्तम प्रदेश' बनाते हैं। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश डेस्टिनेशन वेडिंग का ग्लोबल हब बने। महासचिव संदीप उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अपनी एक अलग संस्कृति है - चाहे वो खाने का स्वाद हो या मेहमाननवाजी। आज का वैवाहिक ग्राहक उत्तर प्रदेश की इस विरासत और गर्मजोशी को बहुत पसंद करता है। उपाध्यक्ष सौरभ सिंघल ने कहा कि आगरा का ताज, अयोध्या का आध्यात्मिक माहौल, बनारस के घाट और प्रयागराज का पवित्र संगम - ये सभी उत्तर प्रदेश को दुनिया भर के जोड़ों के लिए एक आकर्षक डेस्टिनेशन बनाते हैं।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com प्रबंधन समूह- नीता अग्रवाल, प्रभात गुप्ता, मनीष अग्रवाल जॉली, प्रो पंचशील शर्मा, विजय बंसल, राजीव पाराशर, अंकुश, मधुर बंसल, पुनीत जैन, विकास गोयल, गौरव लोधी।
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

# कैंटर-कार की भीषण टक्कर में दो की मौत

## फतेहाबाद-बाह मार्ग पर 100 मीटर तक घिसटी कार, हाइड्रा से निकाले गए शव


एनएनआई

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद-बाह मार्ग पर सोमवार देर रात करीब 1 बजे 'बाबा की तिबरिया' के पास तेज रफ्तार कैंटर और कार के बीच हुई भीषण भिड़ंत में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि टक्कर के बाद कार कैंटर के अगले हिस्से में फंस गई और करीब 100 मीटर तक घिसटती चली गई। दुर्घटना में कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई।

सूचना मिलते ही थाना फतेहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। कार के कैंटर में बुरी तरह फंस जाने के कारण शवों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बाद में हाइड्रा मशीन की सहायता से दोनों वाहनों को अलग कराया गया, जिसके बाद मृतकों के शव बाहर निकाले जा सके।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद कैंटर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। उनकी पहचान के प्रयास जारी हैं।

फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और





वाहन के नंबर के आधार पर मृतकों की पहचान तथा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। मामले में विधिक कार्रवाई जारी है।

### हादसे के बाद मार्ग पर लगा थमी वाहनों की रफ्तार

भीषण हादसे के बाद बाह-फतेहाबाद मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। दुर्घटनाग्रस्त कैंटर और कार सड़क पर फंसे रहने के कारण करीब दो घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को नियंत्रित किया और एक-एक कर वाहनों को निकाला। हाइड्रा की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाए जाने के बाद ही मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और राहगीरों की भीड़ भी मौके पर जुटी रही।

## डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, तीन घायल; एक की हालत गंभीर

**फतेहाबाद** एनएनआई । मंगलवार तड़के करीब 4 बजे फतेहाबाद क्षेत्र में पारस डेयरी के समीप दिल्ली से पिनाहट जा रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे आगरा रेफर किया गया। घायलों की पहचान दिल्ली के संगम विहार निवासी मोहित शर्मा पुत्र शिवनाथ शर्मा, चंद्रमोहनपाल पुत्र ओमपाल (कार चालक) तथा आशीष गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता के रूप में हुई है। बताया गया कि मोहित शर्मा अपने साले राहुल की शादी में शामिल होने के लिए साथियों के साथ दिल्ली से पिनाहट जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पारस डेयरी के पास पहुंचने पर चालक चंद्र मोहन पाल को नींद की झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और कई पलटियां खाते हुए सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को कार से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना फतेहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फतेहाबाद पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल आशीष गुप्ता को बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर कर दिया, जबकि अन्य दोनों घायलों का उपचार सीएचसी में जारी है।



## कारोबारी के 25 लाख ले उड़े टप्पेबाज

**मथुरा** एनएनआई । थाना हाईवे क्षेत्र में बाइक सवार टप्पेबाज प्लाईबोर्ड व्यापारी के तीन कर्मचारियों की कार से 25 लाख रुपये ले गए। वारदात सिम्स अस्पताल के सामने हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और टप्पेबाजों की तलाश में चेकिंग अभियान चलाया। देर रात तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने संदेह के आधार पर व्यापारी के तीनों कर्मचारियों को हिरासत में लिया है।

राधापुरम एस्टेट निवासी वरुण अग्रवाल का गोवर्धन रोड पर चंद्रिका प्लाईबोर्ड के नाम से शोरूम है। आगामी दिनों में उनके भाई नीलेश अग्रवाल की बेटी की शादी है। इसी के लिए उन्होंने चालक व दो कर्मचारियों को 25 लाख रुपयों से भरा बैग देते हुए गोविंद नगर निवासी साढू नीलेश के घर पहुंचाने के लिए कहा। सोमवार शाम करीब 6:30 बजे कर्मचारी मेघश्याम, सुनील और चालक रमेश नीले रंग के बैग में 25 लाख रुपये रखकर कार से गोविंद नगर की ओर चल दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिम्स अस्पताल के पास पीछे से आए अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने कार को रुकवा लिया। बाइक सवार टप्पेबाजों ने कार सवार कर्मचारियों से कहा कि वाहन से तेल गिर रहा है। इस पर चालक रमेश कार से नीचे उतरे और बोनट खोलकर जांच करने लगे। इसी दौरान बाइक सवार दो टप्पेबाजों में से एक ने कार में आगे की सीट पर रखा 25 लाख रुपये से भरा बैग निकाला और बाइक पर सवार होकर भाग गए। किसी राहगीर ने कर्मचारियों को टप्पेबाजों द्वारा कार से बैग लेकर भागने की जानकारी दी तो कर्मचारी घबरा गए।

## झपकी आने से ट्रक से भिड़ी कार, महिला की मौत

### हाथरस में 2 साल की मासूम समेत 6 घायल, हाईवे पर पलटा ट्रक

**हाथरस** एनएनआई । आगरा-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो वर्षीय मासूम समेत छह लोग घायल हो गए। हादसा सलेमपुर बंबा के पास उस समय हुआ, जब झांसी से गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होकर खुर्जा लौट रही स्विफ्ट डिजायर कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, जबकि ट्रक भी अनियंत्रित होकर पलट गया।

हादसा मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे हुआ। कार सवार लोग सादाबाद से हाथरस की ओर जा रहे थे। सलेमपुर बंबा के पास पहुंचते ही



चालक को नींद की झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में बुलंदशहर के खुर्जा स्थित किला मेंवई निवासी 50 वर्षीय रानी पत्नी चंद्रभान की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में मेरठ के गणेश नगर निवासी अर्पित चौधरी (26), उनकी पत्नी कल्पना कुमारी (23), दो वर्षीय पुत्री अर्पिता तथा खुर्जा निवासी प्रवेश (23) और कुसुम देवी (40) शामिल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादाबाद भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए सभी को हायर सेंटर आगरा रेफर कर दिया। हादसे में ट्रक पर मौजूद एक श्वान और रिहान भी घायल हुए, जिनका उपचार कराया गया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद कुछ समय तक हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र | न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# प्रतिबंधित मार्ग पर डम्पर ने बाइक सवार को रौंदा




एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के घाट पर माल गोदाम के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में डम्पर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एत्माद्दौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

घायल युवक की पहचान जीवनी मंडी निवासी विष्णु के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपनी दुकान से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। इसी दौरान माल गोदाम के पास तेज रफ्तार डम्पर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रभारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि हादसे में शामिल डम्पर को तत्काल कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# जीवा डायमंड ज्वेलरी स्टोर में हुई लूट का खुलासा

एनएनआई



**आगरा।** ताजगंज क्षेत्र में जीवा डायमंड ज्वेलरी स्टोर में हुई सनसनीखेज चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने गिरोह के पांच शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सोना, नकदी और मोबाइल फोन बरामद किए हैंफतेहाबाद रोड स्थित जीवा ज्वेलरी स्टोर में सात जुलाई की आधी रात चोरों ने शटर के ताले काटकर डिस्प्ले में रखी सोने-चांदी की ज्वेलरी पार कर दी थी। स्टोर के एसएफसी कर्मचारी की तहरीर पर ताजगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस टीमों ने घटनास्थल और आसपास के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ताजगंज 125 फुटा रोड से पांच आरोपितों को घेराबंदी करके दबोच लिया। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित उमेश शाह, विपत्तीदास, निरंजन कुमार उर्फ विक्की, सर्राफ डब्लू कुमार (सभी बिहार निवासी) और (सुनार) विशाल उर्फ महेश निवासी उत्तम नगर दिल्ली हैं। आरोपितों के कब्जे से 116.3 ग्राम सोने के जेवरात 1.18 लाख भारतीय मुद्रा, 35,000 नेपाली मुद्रा एवं छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वारदात के वक्त गिरोह का एक सदस्य बाहर निगरानी रखता था, जबकि दूसरा सदस्य शटर के आगे सफेद कपड़ा फैला देता था ताकि राहगीरों को अंदर चलरही गतिविधि दिखाई न दे। गिरोह ने बताया कि चोरी के बाद वह सभी बिहार भाग गए थे, जहां उन्होंने चोरी का आधा माल डब्लू सुनार को बेच दिया था।

सुनार ने कुछ माल पिघलाकर नेपाल में खपा दिया था। बाकी बचे सोने को बेचने के लिए सुनार के पास पैसे नहीं थे, इसलिए वह इन चोरों के साथ मिलकर बचे हुए सोने को दिल्ली में ठिकाने लगाने जा रहा था, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस की पूछताछ में गिरोह ने बताया कि वह इससे पहले दिल्ली के नार्थ रोहिणी थाना क्षेत्र में इसी तरह जीवा ज्वेलरी स्टोर से करीब 41 लाख रुपये और प्रीत विहार क्षेत्र में जीवा स्टोर से ही लगभग डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य के आभूषणों की चोरी की थी। पुलिस अब गिरोह के अन्य फरार साथियों छोटू और रियाज की तलाश के साथ ही आरोपितों के आपराधिक इतिहास को खंगालने में जुटी है।

# टेंट व्यवसायी से परेशान हुए स्थानीय लोग, लगाए गंभीर आरोप

**आगरा** एनएनआई। छत्ता क्षेत्र की मस्ता की बगीची में एक टेंट व्यवसायी द्वारा सड़क किनारे और खाली जगह पर टेंट का सामान, लोहे की कढ़ाइयां, तिरपाल और अन्य सामान बिखरा पड़ा है। बारिश का पानी इन कढ़ाइयों और सामान में भर गया है। कई दिनों से जमा पानी में मच्छर और मक्खियां पनप रही हैं, जिससे आसपास के घरों में बीमारी फैलने का अंदेशा बढ़ गया है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि कुछ दिन पहले नगर निगम ने अभियान चलाकर मस्ता की बगीची को अतिक्रमण मुक्त कराया था। उस समय टेंट व्यवसायी को सरकारी जमीन खाली करने और साफ-सफाई रखने की सख्त हिदायत भी दी गई थी। लेकिन व्यवसायी ने निगम के आदेश को हवा में उड़ा दिया और दोबारा उसी जगह पर कब्जा कर अपना सामान रख लिया है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि मस्ता की बगीची को टेंट व्यवसायी के अतिक्रमण से तुरंत मुक्त कराया जाए और कार्रवाई की जाए ताकि स्वास्थ्य विभाग का डोर-टू-डोर अभियान जमीन पर सफल हो सके और लोगों को बीमारियों से बचाया जा सके।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।




# पुलिस ने 35 लाख का गांजा पकड़ा, दो तस्कर भी अरेस्ट

एनएनआई

**आगरा।** थाना मलपुरा पुलिस, एसओजी और सर्विलांस सेल ने संयुक्त कार्रवाई में उड़ीसा से अलीगढ़ जा रही 35 लाख रुपये की गांजा खेप पकड़ी। जारुआ कटरा मोड़ पर चेकिंग के दौरान आइशर ट्रक से 102.340 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने मौके से दो अंतरराज्यीय तस्कर देवेन्द्र उपाध्याय, निवासी दादरी गौतमबुद्धनगर और प्रिंस बघेल, निवासी बरहन आगरा को गिरफ्तार किया। ट्रक, तीन मोबाइल और 1200 रुपये नकद भी बरामद किए गए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गांजा उड़ीसा के बालीगुड़ा से पूरन और राम गोला ने लोड कराया था। खेप प्रयागराज और लखनऊ एक्सप्रेसवे के रास्ते आगरा होते हुए अलीगढ़ ले जाई जा रही थी। फरार तस्करों की तलाश जारी है। मुख्य आरोपी देवेन्द्र पर मुजफ्फरनगर व गौतमबुद्धनगर में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। यह कार्रवाई 19/20 जुलाई 2026 की रात पुलिस आयुक्त के निर्देशन में एसीपी सैंया के नेतृत्व में की गई। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, एसआई सचिन कुमार व एसआई अभिषेक कुमार शामिल रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार



एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म करने, आपत्तिजनक फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और मारपीट करने के आरोपी को पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के महज 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

पीड़िता ने 19 जुलाई को थाना ट्रांस यमुना में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके पड़ोस में रहने वाले नरेश ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने महिला की आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भी बना लीं। इसके बाद वह उन्हें वायरल करने और जान से मारने की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल करता रहा। विरोध करने पर कई बार मारपीट भी की। मामले में पीड़िता की शिकायत पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को ईंट की मंडी के पास से आरोपी नरेश पुत्र केशव, निवासी महादेवी नगर, टेढ़ी बगिया, थाना ट्रांस यमुना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम में उपनिरीक्षक हरिओम कुमार, कांस्टेबल हेमंत और कांस्टेबल वैभव नागर शामिल रहे।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
मंगलवार, 21 जुलाई, 2026


# पर्यटन मंत्री ने अधिकारियों को समन्वय के साथ काम करने के दिए निर्देश

**जनप्रतिनिधियों ने धार्मिक पर्यटन विकास से सम्बन्धित सुझाव दिए**

एनएनआई




**आगरा।** मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग जयवीर सिंह की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग योजना वित्तीय वर्ष पर्यटन विभाग की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में विधायक डॉ धर्मपाल सिंह ने 140 लाख अनुमानित धनराशि के विधानसभा क्षेत्र एत्मादपुर के अन्तर्गत ग्राम रामनगर (खन्दौली) में लाल मन्दिर में बहुउद्देशीय हॉल, प्रकाश व्यवस्था, सुलभ प्रसाधन, पेयजल व्यवस्था, साईनेज विथ क्यू आर कोड, यात्री बेंच, लैण्डस्केपिंग आदि कार्य प्रस्तावित किया गया। विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल द्वारा विधानसभा उत्तर में अनुमानित 140 लाख की धनराशि से दयालबाग में स्थित बालाजी धाम मन्दिर में बहुउद्देशीय हॉल, प्रकाश व्यवस्था, सुलभ प्रसाधन, पेयजल व्यवस्था, साईनेज विथ क्यू आर कोड, यात्री बेंच, लैण्डस्केपिंग आदि कार्यों को भी प्रस्तावित किया। विधायक भगवान सिंह कुशवाह ने अनुमानित 140 लाख से विधानसभा क्षेत्र खेरागढ़ के ब्लॉक सैंया के ग्राम वृथला में श्री लीला विलास मन्दिर में बहुउद्देशीय हॉल, प्रकाश व्यवस्था, सुलभ प्रसाधन, पेयजल व्यवस्था, साईनेज विथ क्यू आर कोड, यात्री बेंच, लैण्डस्केपिंग आदि कार्य प्रस्तावित किए। बैठक में मंत्री बेबीरानी मौर्य के विधानसभा क्षेत्र आगरा ग्रामीण के विकास खण्ड अकोला में स्थित घासी बाबा मन्दिर में बहुउद्देशीय हॉल, प्रकाश व्यवस्था, सुलभ प्रसाधन, पेयजल व्यवस्था, साईनेज विथ क्यू आर कोड, यात्री बेंच, लैण्डस्केपिंग आदि कार्य को भी प्रस्तावित किया गया।

मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के विधानसभा क्षेत्र आगरा दक्षिण में 140 लाख की अनुमानित धनराशि से शीतला गली में प्राचीन कुटुम्बी भैरोंनाथ मन्दिर में बहुउद्देशीय हॉल, प्रकाश व्यवस्था, सुलभ प्रसाधन, पेयजल व्यवस्था, साईनेज विथ क्यू आर कोड, यात्री बेंच, लैण्डस्केपिंग आदि कार्य।

# पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ वृक्षारोपण करेगी पंजाबी सभा

- नीम,जामुन,बेल पत्र,अमरूद आदि पौधे लगाकर किया अभियान का शुभारंभ

एनएनआई



**आगरा।** पंजाबी सभा द्वारा पिछले 40 सालों से वृक्षारोपण के लिए हर क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। इस साल के वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर 11 स्थित मंदिर वाले पार्क में सिकंदरा इकाई के सदस्यों द्वारा अभियान का शुभारंभ नीम, जामुन, बेल पत्र, अमरूद आदि पौधे लगाकर किया गया। सभी सदस्यों द्वारा शहर के सभी रेजिडेंशियल अपार्टमेंट,नव विकसित एवं पूर्ण विकसित कॉलोनियों में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों को इस अभियान से जोड़ बड़ी संख्या में फल,छाया एवं औषधि गुण से संबंधित पौधे लगाकर उनके संरक्षण का व्रत लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंजाबी सभा कार्यकारी अध्यक्ष संजीव कपूर, सीताराम छाबड़ा, मीडिया प्रभारी रोहित कत्याल, राजेश वोहरा, महेंद्र चावला, राहुल बागला, अमित कौरा, वरुण ग्रोवर, विकास कुंद्रा, शौर्य कौरा आदि उपस्थित रहे।

# तुलसी के 101 पौधे बांटकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भारत विकास परिषद अमृतम शाखा ने संस्कृति माह के तहत चलाया अभियान**

- राहगीरों को निःशुल्क पौधे वितरित कर जागरूक किया

एनएनआई

**आगरा।** भारत विकास परिषद की अमृतम शाखा ने संस्कृति माह के अंतर्गत कमला नगर स्थित श्रीराम चौक पर तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को 101 तुलसी के पौधे निःशुल्क वितरित कर पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता ने कहा कि तुलसी भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखती है। यह आस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने लोगों से घरों में तुलसी का पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि प्रमोद सिंघल ने कहा कि संस्कृति माह के अंतर्गत आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण के साथ सांस्कृतिक मूल्यों को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। कार्यक्रम का संयोजन विकास गोयल और सपना गोयल ने किया। इस अवसर पर राजीव गोयल, मयंक जैन, रेखा अग्रवाल, विजय अग्रवाल, आरएस गुप्ता, सुनील बंसल, नीरज मित्तल, राकेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, श्रीनाथ गुप्ता, दीपक भार्गव, हिमांशु अग्रवाल, बृजमोहन रेपुरिया, राजा बाबू गोयल, ज्योति मित्तल, राज अग्रवाल, गौरव बिंदल और मधु गोयल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।




# आईआईटी रुड़की में चयनित छात्र भावेश सिंह का सम्मान




- होली पब्लिक जूनियर कॉलेज में आयोजित हुआ सम्मान समारोह
- विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर अध्ययन और लक्ष्य निर्धारण का दिया संदेश

एनएनआई

**आगरा।** होली पब्लिक जूनियर कॉलेज में सोमवार को आईआईटी रुड़की में चयनित पूर्व छात्र भावेश सिंह के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय प्रशासन ने उनकी सफलता को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या सोनिका चौहान ने भावेश सिंह को स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान भावेश सिंह ने विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने सफलता के लिए गहराई से अध्ययन करने, निरंतरता बनाए रखने और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को दूसरों से तुलना करने के बजाय अपनी तैयारी पर ध्यान देना चाहिए। नियमित अध्ययन, विषयवार विश्लेषण और गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई सफलता की कुंजी है। उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाने, शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन करने तथा सकारात्मक सोच के साथ बड़े लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी। उनका कहना था कि अनुशासन, परिश्रम और सही दिशा में प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। भावेश सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों को देते हुए उनके सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षकों का सम्मान करने और उनके मार्गदर्शन का लाभ उठाने का आह्वान किया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि भावेश सिंह नर्सरी कक्षा से ही होली पब्लिक जूनियर कॉलेज के छात्र रहे हैं। उनकी उपलब्धि पर अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के प्रति आभार जताया। समारोह के अंत में प्रधानाचार्या सोनिका चौहान ने कहा कि भावेश सिंह की सफलता विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ऐसे संवाद विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने और उत्कृष्टता की भावना विकसित करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का संचालन खुशबू मनचंदा ने किया।

# राजा दशरथ होंगे संजय सिंघल और नीता सिंघल होंगी रानी कौशल्या

**श्री रामलीला कमेटी अध्यक्ष विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल की अध्यक्षता में हुआ निर्णय**

एनएनआई

**आगरा।** श्री रामलीला कमेटी की बैठक पुरुषोत्तम खंडेलवाल विधायक/अध्यक्ष की अध्यक्षता एवं महामंत्री राजीव अग्रवाल के साथ संपन्न हुई, जिसमें कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा रामलीला कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष,श्री सराफा कमेटी के मंत्री एवं एस.एन सिंघल कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मूल रूप से सादाबाद के रहने वाले संजय सिंघल को इस वर्ष (वर्ष 2026 की) उत्तर भारत की ऐतिहासिक रामलीला के लिए राजा दशरथ घोषित किया गया।

संजय सिंघल सादाबाद अपने को राजा दशरथ घोषित होते ही खुशी से झूम उठे व नीता सिंघल अपने को रानी कौशल्या बनते ही उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। नीता सिंघल मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की मां बनते ही अपनी खुशी के आंसू नहीं रोक सकीं, उनके नयनों से खुशी की अश्रु धारा बह रही थी। संजय सिंघल और नीता सिंघल के परिवार में उनका पुत्र रजत सिंघल व उनकी पुत्रवधू नमिषा सिंघल हैं और उनकी बेटी आयुषी गर्ग और दामाद कृष्णा बिहारी गर्ग (तोता रंग ,हाथरस) हैं। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, महामंत्री राजीव अग्रवाल द्वारा उनके निवास पर जाकर उनको राजा दशरथ और रानी



कौशल्या बनाया और उनके साथ श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों में भगवान दास बंसल,विजय प्रकाश गोयल, टी. एन. अग्रवाल, मुकेश जोहरी, मनोज अग्रवाल पोलीभाई,संजय तिवारी,अतुल बंसल,ताराचंद अग्रवाल, अंजुल बंसल, प्रवीण स्वरूप, राहुल गौतम, प्रसून मंगल और आयुष गर्ग उपस्थित थे।

# मुनियों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी नही, हम सभी की जिम्मेदारी : आचार्य सुरत्नसागर

**भगवान नेमिनाथ निर्वाण महोत्सव एवं तीर्थ रक्षा संकल्प समारोह मनाया**

**आगरा (एनएनआई)।** अतिशय क्षेत्र श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नसिया, मोतीलाल नेहरू पीर कल्याणी रोड आगरा में परमपूज्य आचार्य सौभाग्य सागर महाराज संघ एवं तीर्थों की रक्षा हेतु समर्पित उनके शिष्य आचार्य श्री 108 सुरत्नसागर महाराज ससंघ व आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज के शिष्य पूज्य मुनी समत्व सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में भगवान नेमिनाथ निर्वाण महोत्सव एवं तीर्थ रक्षा संकल्प समारोह मनाया गया। नेमिनाथ भगवान के निर्वाण महोत्सव पर गिरनार पर्वतराज श्रद्धालुओ ने प्रथम निर्वाण लाडू प्रदीप जैन पी.एन.सी परिवार ने और गिरनार पर्वत की 5 टोकों पर निर्मल कुमार मोठ्या, रोहित जैन अहिंसा, हीरालाल बैनाड़ा, स्वरुपा जैन सन्मति परिवार, राजेश जैन करपेट ने लाडू चढ़ाया गया। श्री भगवान नेमिनाथ अभिषेक किया गया। इसके बाद दीप प्रज्जवलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट किया गया। पंडित आशुतोष शास्त्री के सानिध्य में विधान कराया गया और विशाल जैन पार्टी द्वारा संगीतमय में के साथ हुआ। मुनि समत्व सागर महाराज कहा कि पांडव संख्या बल में कम था, लेकिन सत्य के ऊपर इसलिए कृष्ण भगवान फिर पांच पांडवों की ओर गए और अंत में न्यास भगवान की पांडवों की। आप आंकड़ों और आंकड़ों को उठा कर के देखिए अन्यथा अन्य वैदिक ग्रंथों में जहां पुराण कथाएं आती हैं, वहां पर पांडवों का साथ यदि किसी ने दिया था, सत्य का



साथ किसी ने दिया था तो श्री कृष्ण ने। स्वयं और पांडवों के साथी बनकर खड़े थे। इस मौके पर के प्रदीप जैन पी.एन. सी, जितेंन्द्र जैन, निर्मल जैन मोठ्या, हीरालाल बैनाड़ा, रोहित जैन अहिंसा, सुनील जैन ठेकेदार, आगरा दिगंबर जैन परिषद के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन, महा मंत्री मनीष जैन ठेकेदार, कोषाध्यक्ष राकेश जैन पर्दे वाले, उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन एडवोकेट, उप मंत्री विमल प्रचार मंत्री आशीष जैन मोनू, मंदिर मंत्रीसुशील जैन, मनोज जैन बल्लो सचिन जैन रमेश चंद्र जैन, सुनील जैन काके,,कुमार मंगलम जैन, मनीष जैन लवली, दीपक जैन, पंकज जैन, शेखर जैन, अंकुश जैन, प्रवीण जैन, अजय जैन, अनिल जैन प्राजल जैन मीडिया प्रभारी राहुल जैन सकल जैन समाज मौजूद था ।

# 125वें स्थापना वर्ष पर तीर्थ सुरक्षा का राष्ट्रव्यापी अभियान, मथुरा चौरासी से होगा शुभारंभ


**वर्षभर चलेंगे तीर्थ सुरक्षा यात्रा, सम्मेलन और जन-जागरूकता कार्यक्रम, 2027 में सम्मेद शिखरजी में होगा अभियान का समापन**

एनएनआई

**आगरा।** भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के 125वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले चल-अचल तीर्थ सुरक्षा एवं जन-जागरूकता महामहोत्सव की रूपरेखा सोमवार को नसिया जी स्थित श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रस्तुत की गई।

इस दौरान समिति की 125वें स्थापना वर्ष की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन ने बताया कि समिति 22 अक्टूबर 2026 से 22 अक्टूबर 2027 तक देशव्यापी अभियान चलाएगी। इसके तहत जैन तीर्थों, प्राचीन जिनालयों और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण तथा सुरक्षा के लिए समाज को जागरूक और संगठित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि तीर्थों से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर समाज के समक्ष नई चुनौतियां उभर रही हैं, जिनके समाधान के लिए व्यापक जनसहभागिता आवश्यक है। शतकोत्तर रजत महोत्सव समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल जैन ने कहा कि यह अभियान केवल किसी एक



संस्था का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे जैन समाज का साझा दायित्व है। अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायविदों, शिक्षाविदों, उद्योगपतियों, महिला संगठनों, युवाओं, आईटी प्रोफेशनल और सामाजिक संस्थाओं को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ 21 और 22 अक्टूबर 2026 को सिद्धक्षेत्र मथुरा चौरासी से होगा, जहां लगभग 125 वर्ष पूर्व भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी की स्थापना हुई थी। इसके बाद वर्षभर देशभर में तीर्थ सुरक्षा यात्राएं, कार्यशालाएं, सम्मेलन और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान का समापन 22 अक्टूबर 2027 को सिद्धक्षेत्र सम्मेद शिखरजी में किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विभिन्न वषायोग स्थलों पर तीर्थ सुरक्षा कलश तथा जिनालयों में तीर्थ रक्षा गुल्लक स्थापित किए जाएंगे। साथ ही युवाओं को डिजिटल माध्यमों से जोड़ने और तीर्थों से जुड़े कानूनी एवं प्रशासनिक विषयों पर राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन आयोजित करने की भी योजना है। कार्यक्रम में बताया गया कि उद्घाटन समारोह के दौरान पिछले 125 वर्षों में तीर्थक्षेत्र कमेटी के संरक्षण और विकास कार्यों में योगदान देने वाले सेवाधर्मियों एवं उनके परिजनों का सम्मान किया जाएगा।

वार्ता में प्रदीप जैन पीएनसी, मनोज जैन बाकलीवाल, जगदीश प्रसाद जैन, शरद जैन, राजेश जैन, कुमार मंगलम, शुभम जैन सहित समिति के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ वृक्षारोपण छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**विद्यालय परिसर में पौधे लगाकर दिया हरियाली बढ़ाने का संदेश**

**आगरा (एनएनआई)।** कमला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का



शुभारंभ प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में प्रकृति पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सुनील कुमार चाहर, अजय भारद्वाज, सचिन और शालिनी ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाकर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान सभी छात्र, शिक्षक और अभिभावक एक व्यक्ति, एक पौधा अभियान से जुड़े और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र उपाध्याय ने कहा कि पेड़ मानव जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कटारा ने किया। समापन पर उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।




# पेपर लीक पर ताजनगरी में भी उबाल

## पैदल मार्च निकालकर कलक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

एनएनआई

**आगरा।** देशभर में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों के विरोध में पिछले 22 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे महान समाजसेवी सोनम वांगचुक एवं आंदोलनरत छात्रों के समर्थन में सोमवार को आगरा में सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती एवं परीक्षा व्यवस्था की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद सभी लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने माननीय राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

इस दौरान समाजसेवी डॉ. हृदेश चौधरी ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक ने देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। वर्षों की मेहनत करने वाले छात्र बार-बार भ्रष्ट व्यवस्था का शिकार हो रहे हैं। यह केवल परीक्षाओं का नहीं, बल्कि युवाओं के विश्वास और देश के भविष्य का प्रश्न है।

समाजसेवी सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि जब तक पेपर लीक जैसी घटनाओं पर कठोर कार्रवाई नहीं होगी और दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलेगी, तब तक युवाओं के साथ न्याय संभव नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की और निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कानून लागू करने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि आमरण अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक और आंदोलनरत छात्रों की मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं। सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए उनकी मांगों पर तत्काल सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए ताकि देश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके।




प्रदर्शन के अंत में सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक में चंद्रावती नरवार , प्रमोद शर्मा, लेखराज निगम, डॉ श्वेता अग्रवाल, गुलबीर सिंह पौनीया, मोहित अग्रवाल, ताजुद्दीन खान, संजय भारती, अरुण प्रताप गहलोत, अभिनीत सिंह, प्रथम दीक्षित, हर्ष कुमार सिंह, विजय आनंद, पंकज चावला, इंद्र कुमार वर्मा, आशीष कपूर, शैलेंद्र गायत्री, कृष्ण गोपाल उपाध्याय, विष्णु कुशवाहा, प्रवीण सिंह आदि सैकड़ो साथी मौजूद रहे ’

## अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क पर उतरे युवा कांग्रेसी

**आगरा एनएनआई।** महानगर युवक कांग्रेस ने सोमवार को छात्रों की गूंज अभियान के तहत 'शिक्षा बचाओ पदयात्रा' निकाली। इस दौरान ज्ञापन सौंप कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की गई।



महानगर युवक कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और युवाओं ने हिस्सा लिया। सोमवार को सुभाष पार्क पर एकत्रित हुए युवक कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार विरोधी नारे लगाते पदयात्रा करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारी हाथों में 'शिक्षा बचाओ', 'पेपर लीक बंद करो' और 'छात्रों के अधिकारों की रक्षा करो' जैसे नारे लिखी तख्तियां लिए हुए चल रहे थे।

पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे युवक कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अर्शल अहमद ने कहाकि देश में लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। इस मौके पर अमित सिंह, अजहर वारसी, वासित अली, अश्वनी जैन, हेमंत चाहर, दीपक शर्मा, बंटी रंगरेज, सलमान कुरैशी, कबीर कुरैशी, आरिफ वारसी, अनुज शिवहरे और बुरहान शम्शी, गीता सिंह, रश्मि, पारो, लता कुमारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल रहे।

## कल समाजवादी पार्टी का ‘संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ’ मार्च

**आगरा एनएनआई।** समाजवादी पार्टी महानगर ने लोकतंत्र, संविधान और छात्रों के अधिकारों पर बढ़ते हमलों के विरोध में 22 जुलाई 2026 को "संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ" मार्च निकालने की घोषणा की है। महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र पर होने वाला हर हमला देश की आत्मा पर हमला है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामपुर स्थित जौहर यूनिवर्सिटी पर बुलडोजर कार्रवाई तथा दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे




छात्रों पर लाठीचार्ज और आँसू गैस का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। यदि जनता की आवाज को बुलडोजर और लाठियों के दम पर दबाने का प्रयास किया जाएगा, तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए निर्णायक संघर्ष करेगी। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाला "संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ" मार्च डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क, बिजलीघर, आगरा से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट तक जाएगा। इस मार्च में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, छात्र, युवा तथा संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले हजारों नागरिक भाग लेंगे।

## इनर व्हील क्लब ने हेल्प आगरा को सौंपीं 50 डायलाइजर किट

**आगरा एनएनआई।** इनर व्हील क्लब ऑफ आगरा की सदस्यों द्वारा सामाजिक सेवा के तहत ‘हेल्प आगरा’ में डायलिसिस मरीजों के उपचार हेतु 50 डायलाइजर किट भेंट की गईं। हेल्प आगरा की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अलका कपूर एवं पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर श्रुति बिंदल को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इनर व्हील क्लब ऑफ आगरा से मधु बघेल, मंजू जैन, रेखा जैन, निर्मल बंसल, शशि जैन एवं मंगेश जैन। हेल्प आगरा से सुरेंद्र कुमार जैन, गौतम सेठ, विशेष बंसल, नितिन अग्रवाल, राजीव गुप्ता एवं अशोक बंसल आदि उपस्थित रहे।







इनर व्हील क्लब ऑफ आगरा द्वारा देहली गेट स्थित समर्पण ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्लब की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रक्तदान के प्रति समाज को जागरूक करने का संदेश दिया।

## जिला योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में डॉ. एमपीएस स्कूल बना ओवरऑल चैम्पियन

एनएनआई

**आगरा।** आगरा जिला योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 10वीं आगरा जिला योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का भव्य समापन समारोह डॉलीज पब्लिक इंटर कॉलेज, बल्केश्वर, आगरा में सम्पन्न हुआ।




समापन समारोह में भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ (भाजपा प्रणीत) के प्रदेश महामंत्री, क्रीड़ा भारती आगरा के जिला अध्यक्ष एवं मिगफ्रे ग्रुप के चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार मित्तल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि योग केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, सशक्त मन, अनुशासन और संस्कारित जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास, खेल भावना एवं राष्ट्र निर्माण की चेतना विकसित करते हैं। प्रतियोगिता में डॉ. एम.पी.एस. स्कूल ने ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया, जबकि किड्स वनस्थली स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान तथा ए.पी. क्लब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में डॉ. एम.पी.एस. स्कूल प्रथम, गणेशा नागर इंटर कॉलेज द्वितीय तथा क्वीन विक्टोरिया गर्ल्स इंटर कॉलेज तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों एवं विद्यालयों को पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिगफ्रे ग्रुप के डायरेक्टर मनीष मित्तल, सह-अध्यक्ष रीना जालान, सह-निदेशक डॉ. स्वाति चन्द्रा, डॉलीज पब्लिक इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या नूपुर सिंघल तथा हांगकांग में कार्यरत डॉलीज पब्लिक इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र श्री अर्पित अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर योग एवं खेलों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में योगाचार्य हरिओम दास, प्रमोद कुमार पचौरी, राजेश कुमार कुलश्रेष्ठ, चन्द्र प्रकाश सिंह राजपूत, शंतोष गौतम, देवान गुरु तथा विशेष अतिथि नीतेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

# दुकान बंद कर रहे तीन भाइयों पर तमंचे से झोंके फायर

- फायरिंग से दहशत में आए कारोबारी दुकानें बंद कर भागे
- पुलिस ने घेराबंदी कर दो तमंचे समेत चार किए गिरफ्तार

एनएनआई



**बाह।** जरार के सब्जी मंडी क्षेत्र में फल की क्रेट के विवाद में रविवार रात 8.30 बजे दुकान बंद कर रहे तीन सगे भाइयों पर हमले का मामला सामने आया है। हमलावरों ने मारपीट के साथ तमंचे से फायरिंग की। जिससे बाजार में अपनी दुकानें बंद कर कारोबारी भाग खड़े हुए। अपनी जान बचाने वाले भाइयों का पुलिस ने मेडीकल कराया है। तहरीर पर पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर चार हमलावरों को दो तमंचे समेत गिरफ्तार किया है। राजाराम पुरा के मोनू ने पुलिस को बताया कि जरार की सब्जी मंडी में उसकी दुकान है। रविवार रात 8.30 बजे अपने भाई संजू एवं अमर के साथ दुकान बंद कर रहा था। तभी राजाराम पुरा का आशीष, पार्वतीपुरा का छोटा, गंज बाह का आकाश उर्फ काली, अंकित, जाटव टूला बाह का कुलदीप लाठी, तमंचा लेकर आए और मारपीट करने लगे। वह और अमर जान बचाकर सब्जी मंडी की ओर भागे, जबकि अमर ने दुकान में घुस कर शटर बंद कर लिया। छोटा व आकाश ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से शटर में छेद हो गये। अमर ने दुकान में छुप कर अपनी जान बचाई। फायरिंग से सब्जी मंडी क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। करोबारी अपनी दुकानें बंद कर भाग खड़े हुए। मौके पर पहुंची बाह पुलिस ने घायलों का मेडीकल कराया। मोनू की तहरीर पर 5 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर भागे हुए हमलावरों की घेराबंदी की। एसीपी बाह जितेन्द्र कुमार ने बताया कि बाह पुलिस ने मंगदपुर के रास्ते पर हमलावर की घेराबंदी कर छोटा, आकाश उर्फ काली को तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया, जबकि मारपीट करने के आरोपी आशीष, अंकित पकड़ लिए। पूछताछ में उन्होंने पुलिस को बताया कि पीड़ित और हमलावर फल बेचने का काम करते हैं। फल की क्रेट को लेकर हुए विवाद में हमला किया गया है। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

# नवविवाहिता ने फंदे लगाकर दी जान, तीन माह पहले हुई शादी

एनएनआई



**फतेहाबाद।** थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव बेगमपुर में सोमवार को एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार बेगमपुर निवासी सचिन की पत्नी रवीना (18) ने सोमवार को घर में पंखे से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे गंभीर हालत में फतेहाबाद के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग शव अस्पताल में छोड़कर चले गए।

घटना की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

मृतका के पिता विनोद, निवासी गांव तारौली गुर्जर, ने बताया कि उनकी बेटी की शादी करीब तीन माह पहले सचिन के साथ हुई थी। उनका कहना है कि रविवार रात सचिन रवीना को मायके से अपने साथ ससुराल लेकर गया था।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

# चोरी की ट्रॉली को बेचने जा रहे तीन बदमाश गिरफ्तार



एनएनआई

**बाह।** चार दिन पहले चुराई ट्रॉली को बेचने के लिए निकले तीन बदमाश पुलिस चैकिंग में पकड़े गये। उनके कब्जे से चोरी की गई ट्रॉली और वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर बरामद किया है। नरहोली के लाखन सिंह ने पुलिस को बताया कि आगरा इटावा स्टेट हाइवे पर गांव में उसका मैरिज होम है। मैरिज होम से सटे मकान की दीवार के बगल में ट्रैक्टर ट्रॉली रखी थी। 16 जुलाई की रात ट्रॉली चोरी हो गई। पुलिस लाखन सिंह की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सुरागरसी में जुट गई। एसीपी बाह जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जैतपुर बाह मार्ग स्थित छदामीमठ के पास से सोमवार को चैकिंग के दौरान निकले ट्रैक्टर ट्रॉली को रोका तो चालक भागने लगा। घेराबंदी कर पकड़ लिया। उनके कब्जे से चोरी की गई ट्रॉली एवं वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर बरामद कर लिया। पकड़े गये बदमाशों में पिढौरा के अनुज, रोहित, आकाश शामिल हैं। पूछताछ में उन्होंने पुलिस को बताया कि चोरी की गई ट्रॉली को बेचने के लिए जा रहे थे, पकड़े गये। पुलिस ने चोरी के आरोप में तीनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

# शाही तालाब में मिला अज्ञात युवक का शव, हड़कंप

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। स्मारक क्षेत्र में दीवान-ए-खास के पीछे नगीना मस्जिद के समीप स्थित प्राचीन शाही तालाब में मंगलवार सुबह करीब 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। एसआईएस सुरक्षा कर्मियों ने सुबह शव उतराता देखा और इसकी सूचना संरक्षण सहायक को दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक आनंदवीर सिंह, चौकी प्रभारी प्रमोद यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकालकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के अनुसार मृतक ने काली पैंट पहनी थी। शव कई दिन पुराना होने से शिनाख्त नहीं हो सकी है।



# ट्यूबवेल से ट्रांसफार्मर का कॉपर तार व विद्युत उपकरण चोरी

एनएनआई

**फतेहाबाद।** थाना फतेहाबाद क्षेत्र के ग्राम रुदबई में अज्ञात चोरों ने एक किसान के ट्यूबवेल को निशाना बनाते हुए ट्रांसफार्मर का कॉपर तार, केबल, स्टार्टर सहित अन्य विद्युत उपकरण चोरी कर लिए। पीड़ित किसान की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

ग्राम रुदबई निवासी सोनवेन्द्र पुत्र सुरेश चन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार देर रात करीब 12 बजे अज्ञात चोर उनके खेत पर स्थित ट्यूबवेल पर पहुंचे। चोर ट्रांसफार्मर का कॉपर तार, केबल, स्टार्टर तथा अन्य विद्युत सामान चोरी कर मौके से फरार हो गए।

घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन चोरी हुए सामान और आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने थाना फतेहाबाद में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने चोरी



गए सामान की बरामदगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की से जानकारी जुटाई जा रही है तथा पुराने अपराधियों से भी पूछताछ की जाएगी।

# रसूलपुर समिति पर खाद वितरण को लेकर विवाद

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। ग्राम रसूलपुर स्थित सहकारी समिति पर खाद वितरण के दौरान सोमवार को समिति सचिव और एक किसान के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। किसान धर्मेंद्र सिंह निवासी गिलोय ने आरोप लगाया कि समिति पर सरकारी दर से अधिक कीमत पर खाद बेची जा रही थी। विरोध करने पर सचिव ने उनके साथ अभद्रता की, गाली-गलौज की और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। किसान ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। वहीं समिति सचिव माधव प्रसाद शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि किसान धर्मेंद्र सिंह निर्धारित मात्रा से अधिक खाद लेने का दबाव बना रहे थे। नियमों के अनुसार खाद देने से इनकार करने पर उन्होंने हंगामा किया, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई और अभद्र व्यवहार किया।

# बटेश्वर में सावन मेला पर रहेगा तीसरी आंख का पहरा

- घाट पर बांधे जाएंगे रस्से, मोटरबोट के साथ मुस्तैद रहेंगे पीएसी के गोताखोर
- श्रद्धालुओं के लिए प्रकाश, पेयजल एवं मोबाइल टॉयलेट का रहेगा प्रबंध

एनएनआई



**बाह।** उत्तर भारत के प्रमुख तीर्थ बटेश्वर में सावन का मेला 3 अगस्त को सोमवार से शुरू होगा। तीर्थ स्थल ट्रस्ट के चेयरमैन अरिदमन सिंह ने बाह स्थित बिजली घर के रेस्टहाउस में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर श्रद्धालुओं की सहूलियत एवं सुरक्षा को लेकर रणनीति बनाई। अरिदमन सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर मंदिर, घाट से लेकर मेला क्षेत्र तक तीसरी आंख का पहरा रहेगा। मंदिर तक बेरीकेडिंग एवं घाटों पर रस्से बांधे जाएंगे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए पानी, प्रकाश एवं मोबाइल टॉयलेट का प्रबंध ट्रस्ट कराएगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन पहली प्राथमिकता है। एसडीएम बाह विनोद कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की चिकित्सा सेवा के लिए एंबुलेंस के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम रहेगी। श्रद्धालुओं को सुरक्षित दर्शन पहली प्राथमिकता है। एसीपी बाह जितेन्द्र कुमार ने बताया कि कांवड़िए नौरंगीघाट से मई, टोका मार्ग से आकर कारीडोर के रास्ते मंदिर पहुंचेंगे। वहीं श्रद्धालु खांद के रास्ते मंदिर तक पहुंचेंगे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए खांद, मनमथ, बटेश्वर प्रवेश द्वार पर बेरियर लगाए जाएंगे। पार्किंग में भीड़ नियंत्रण को पुलिस का पहरा रहेगा। घाटों पर ट्रस्ट के गोताखोर होंगे, जबकि यमुना नदी में मोटरबोट के साथ पीएसी के गोताखोर मुस्तैद रहेंगे। जिससे डूबने आदि की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान ध्रुव कुमार शर्मा, हरनरायन सिंह भदौरिया, पुलकित भदौरिया, आनंद पाल सिंह, राजवीर सिंह भदौरिया, अल्केन्द्र जादौन, अजय भदौरिया, संतोष गहलोत, राजकुमार गोस्वामी आदि रहे।

वालेंटियर्स के पास निरस्त- पिछले सालों जारी किए गये वालेंटियर्स के पास तत्काल प्रभाव से ट्रस्ट ने निरस्त कर दिए हैं। ट्रस्ट के मुताबिक निष्ठावान एवं धार्मिक प्रवृत्ति के वालेंटियर्स को नये सिरे से पास जारी किए जाएंगे। सावन के मेले में मिली शिकायतों पर ट्रस्ट ने यह निर्णय लिया है।

## संपादकीय

# पंजाब में कांग्रेस का सामूहिक नेतृत्व पर भरोसा

राहुल गांधी पंजाब में प्रदेश अध्यक्ष नहीं बदलने जा रहे हैं। पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने भी साफ शब्दों में पंजाब कांग्रेस के बागी नेताओं यानी चरणजीत सिंह चन्नी, सुखजिंदर रंधावा आदि को यह बता दिया है। सवाल है कि राहुल गांधी या प्रभारी भूपेश बघेल क्यों अमरिंदर सिंह राजा वारिंग पर इतना भरोसा कर रहे हैं? इसका सबसे बड़ा कारण तो यह है कि पिछले चार साल से कुछ ज्यादा तक लगातार वारिंग ने काम किया है और संगठन को मजबूत किया है। इसलिए चुनाव से ठीक पहले उनको हटा दिया जाएगा तो पार्टी कार्यकताओं का मनोबल गिरेगा।ध्यान रहे 2022 में विधानसभा का चुनाव हारने के बाद चन्नी नौ महीने तक विदेश में रहे थे। वे पंजाब छोड़ कर सीधे अमेरिका चले गए थे, जबकि उनको मुख्यमंत्री बना कर और उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था। जब वे सब छोड़ कर चले गए तब वारिंग ने पार्टी संभाली। उन्होंने अपने हिसाब से संगठन बनाया है। कहा जा रहा है कि पंजाब के 90 फीसदी से ज्यादा जिला अध्यक्ष वारिंग के साथ हैं। पार्टी के चार सांसद और 10 विधायक उनके साथ हैं। उनका जाट सिख होना भी उनके लिए सकारात्मक माना जा रहा है। इसके अलावा यह भी कहा जा रहा है कि पिछले चुनाव में मालवा क्षेत्र में 69 सीटों में कांग्रेस सिर्फ दो जीती थी, जिसमें एक सीट गिद्दरबाह से वारिंग जीते थे। यह सही है कि चन्नी ने ज्यादा बड़ा दांव खेल दिया था। वे चाहते थे कि उनको या तो प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाए या मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किया जाए। कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं हुई क्योंकि सीएम रहते चन्नी को सीएम दावेदार पेश करके कांग्रेस ने पिछला चुनाव लड़ा था और उसे सिर्फ 18 सीटें मिली थीं। चन्नी खुद अपनी दोनों सीटों पर हार गए थे। उसके बाद वे राज्य छोड़ कर अमेरिका चले गए, जहां से नौ महीने बाद लौटे थे। उसके बाद भी कांग्रेस ने उनको लोकसभा का चुनाव लड़ाया और वे जीते तो उनको कृषि मामलों की संसदीय समिति का अध्यक्ष बनवाया।उनके चेहरे पर चुनाव लड़ने का खतरा यह था कि जाट सिख वोट पिछली बार की तरह फिर पूरी तरह से टूट जाता। इसलिए अमरिंदर सिंह राजा वारिंग को ही अध्यक्ष रखा गया है।इसके बावजूद कांग्रेस को चरणजीत सिंह चन्नी को नाराज करने का जोखिम नहीं उठाना चाहिए। वे दलित समुदाय के बड़े नेता हैं और मजहबी दलितों में अच्छी पकड़ रखते हैं। कांग्रेस को हरियाणा का अनुभव ध्यान में रखना चाहिए, जहां उसने भूपेंदर सिंह हुड्डा पर पूरा दांव लगाया था, जिससे नाराज होकर कुमारी शैलजा घर बैठ गई थीं। तभी जाट और दलित का समीकरण काम नहीं कर पाया। अगर चन्नी भी नाराज होकर घर बैठे या दलितों में मैसेज गया कि वे नाराज हैं तो कांग्रेस को इसका नुकसान हो सकता है। कांग्रेस नेतृत्व को पता है कि जालंधर सहित दोआबा के पूरे इलाके में चन्नी की मजबूत स्थिति है। ध्यान रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चुनाव की तैयारियों में पहला कार्यक्रम करने जालंधर ही गए थे। भाजपा की नजर भी दलित वोटों पर है। सो तय है कि पंजाब में कांग्रेस पार्टी किसी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करके चुनाव नहीं लड़ने जा रही है। पार्टी ने ऐलान कर दिया है कि अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव राहुल गांधी के चेहरे पर लड़ा जाएगा। पहली बार ऐसा हुआ है कि कांग्रेस ने किसी चुनाव में राहुल गांधी के चेहरे पर लड़ने का ऐलान किया है। इससे पहले राष्ट्रीय चुनाव भी कांग्रेस राहुल के चेहरे पर नहीं लड़ी है। कांग्रेस ने प्रदेश नेताओं की खींचतान और बगावत की संभावना को देखते हुए राहुल गांधी के नाम का ऐलान किया है। कांग्रेस के इस ऐलान के बाद आम आदमी पार्टी चुनाव के समय उससे पूछेगी कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। ध्यान रहे पिछले चुनाव में कांग्रेस यह सवाल आप से पूछ रही थी क्योंकि कांग्रेस ने तत्कालीन मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को ही मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित कर दिया था। कांग्रेस के बार बार पूछे जाने के बाद आप ने भगवंत मान का चेहरा घोषित किया। इस बार आप भगवंत मान के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है तो कांग्रेस सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी। जाट सिख और दलित नेताओं के बीच संतुलन बनाने के लिए कांग्रेस ने यह रास्ता चुना है। वह प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के साथ साथ चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्नी और नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा तीनों का चेहरा दिखाएगी।



# चातुर्मास 2026



डॉ. शिल्पा जैन
ज्योतिषाचार्य

हिंदू धर्म में हर एक तिथि और व्रत का विशेष महत्व होता है। जिसमें चातुर्मास को बहुत ही शुभ, पवित्र और आध्यात्मिक साधना का काल माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु योगनिद्रा में होते हैं और देवउठनी एकादशी पर योगनिद्रा का त्यागकर फिर से सृष्टि के संचालन का कार्यभार संभालते हैं। चातुर्मास शुरू होने के बाद इन चार महीनों के दौरान विवाह, गृहप्रवेश और दूसरे तरह के मांगलिक कार्यों की मनाई हो जाती है। वहीं शुभ कार्य के वर्जित होने पर पूजा-पाठ, जप-तप, दान और व्रत का विशेष महत्व बढ़ जाता है। चातुर्मास में पूजा, जप-तप करने से से कई गुने फल की प्राप्ति होती है। इस साल देवशयनी एकादशी 25 जुलाई को है और इसी के साथ चातुर्मास की शुरूआत भी हो जाएगी। 21 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु जागेंगे और चातुर्मास खत्म हो जाएगा। आइए जानते हैं चातुर्मास में में क्या करना चाहिए और क्या नहीं।

देवशयनी एकादशी के साथ 25 जुलाई 2026 से चातुर्मास की शुरूआत होने जा रही है। इस बार चातुर्मास पूरे 120 दिनों तक रहेगा और 21 नवंबर 2026 को देवउठनी एकादशी के दिन समाप्त होगा। हिंदू धर्म में यह अवधि आध्यात्मिक साधना, पूजा-पाठ, संयम और आत्मचिंतन का समय मानी जाती है।

मान्यता है कि देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसी कारण विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण और अन्य मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। आइए जानते हैं चातुर्मास 2026 का धार्मिक महत्व, शुभ तिथियां, नियम और इस दौरान क्या करना चाहिए।

इस वर्ष देवशयनी एकादशी 25 जुलाई 2026 (शनिवार) को मनाई जाएगी। इसी दिन से चातुर्मास का आरंभ होगा और 21 नवंबर 2026 को देवउठनी एकादशी के साथ इसका समापन होगा। इस बार चातुर्मास की अवधि 120 दिनों की रहेगी।

**देवशयनी एकादशी तिथि:**


एकादशी तिथि प्रारंभः 24 जुलाई 2026, सुबह 9:12 बजे

एकादशी तिथि समाप्तः 25 जुलाई 2026, सुबह 11:34 बजे

उदया तिथि के अनुसार व्रतः 25 जुलाई 2026

**देवशयनी एकादशी से क्यों शुरू होता है चातुर्मास?**

देवशयनी एकादशी के दिन



भगवान विष्णु माता लक्ष्मी के साथ क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं। उनके विश्राम काल के दौरान सृष्टि के संचालन की जिम्मेदारी भगवान शिव संभालते हैं। इसलिए इन चार महीनों को विशेष तप, भक्ति और आत्मसंयम का काल माना गया है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, राजा बलि के वरदान के कारण भगवान विष्णु इस अवधि में पाताल लोक में उनके निवास स्थान पर विराजमान रहते हैं। इसी वजह से चातुर्मास को देवों के विश्राम का समय भी कहा जाता है।

**चातुर्मास में विवाह और शुभ कार्य क्यों नहीं होते?**

हिंदू परंपरा में किसी भी मांगलिक कार्य से पहले देवी-देवताओं का आह्वान किया जाता है। लेकिन चातुर्मास के दौरान भगवान विष्णु योगनिद्रा में रहते हैं, इसलिए विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, जनेऊ, नामकरण और अन्य शुभ संस्कारों को टालने की परंपरा है। धार्मिक मान्यता है कि देवउठनी एकादशी के बाद ही दोबारा मांगलिक कार्य शुरू किए जाते हैं।

**चातुर्मास के चार महीने और उनके प्रमुख पर्व**

चातुर्मास केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और त्योहारों के लिहाज से भी बेहद खास होता है।

सावनः भगवान शिव और विष्णु की आराधना का महीना।

भाद्रपदः श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी जैसे प्रमुख पर्व।

अश्विनः पितृ पक्ष, शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी।

कार्तिकः दीपावली, देवोत्थान एकादशी और तुलसी विवाह।

इन्हीं महीनों में रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहार आने से सामाजिक और आर्थिक गतिविधियां भी तेज हो जाती हैं।

**एकादशी पर चावल क्यों नहीं खाया जाता?**

महर्षि मेधा का अंश पृथ्वी में समाकर चावल और जौ के रूप में प्रकट हुआ था। इसलिए एकादशी के दिन इन्हें जीव स्वरूप मानकर ग्रहण नहीं किया जाता। ज्योतिषीय दृष्टि से भी चावल में जल तत्व अधिक माना गया है, जिस पर चंद्रमा का प्रभाव रहता है। एकादशी पर चावल खाने से मन अधिक चंचल हो सकता है, जिससे व्रत और साधना में एकाग्रता प्रभावित होती है।

**देवशयनी एकादशी व्रत का महत्व**

पद्म पुराण के अनुसार, जो श्रद्धालु देवशयनी एकादशी का व्रत श्रद्धा और नियमपूर्वक करते हैं, उन्हें भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस दिन तिल, सोना, चांदी, हल्दी, गोपी चंदन और अन्न का दान अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। वहीं द्वादशी तिथि पर व्रत का पारण कर जरूरतमंदों और ब्राह्मणों को भोजन कराने का भी विशेष महत्व बताया गया है।

**चातुर्मास में किन नियमों का पालन करना चाहिए**

चातुर्मास आत्मअनुशासन और सात्विक जीवनशैली अपनाने का अवसर माना जाता है। इस दौरान इन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए—

प्रतिदिन सुबह जल्दी उठकर स्नान, योग और ध्यान करें।

सात्विक एवं सुपाच्य भोजन करें, तामसिक भोजन से बचें।

रामायण, श्रीमद्भगवद्गीता और भागवत पुराण का नियमित पाठ करें।

भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करें।

जरूरतमंदों की सेवा और दान-पुण्य करें।

बारिश के मौसम में पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण हल्का और स्वच्छ भोजन लें।

दिन में अधिक सोने और अनियमित दिनचर्या से बचें।

# नुसरत भरूचा
## को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री सम्मान, जताई प्रसन्नता
### 'छोरी 2' में प्रभावशाली अभिनय के लिए मिला पुरस्कार



अभिनेत्री नुसरत भरूचा को इंडियन स्ट्रीमिंग अकादमी पुरस्कार 2026 में फिल्म छोरी 2 में उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहचान कलाकारों को बेहतर और सार्थक भूमिकाएं निभाने के लिए प्रेरित करती है। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद नुसरत भरूचा ने कहा कि जब किसी कलाकार के समर्पण और मेहनत को सम्मान मिलता है, तो यह उसके लिए विशेष क्षण होता है। उन्होंने यह सम्मान उन सभी महिलाओं को समर्पित किया जो जीवन में अपनी राह स्वयं बनाने और आगे बढ़ने का प्रयास करती हैं। फिल्म छोरी 2 में नुसरत भरूचा ने साक्षी का मुख्य किरदार निभाया है। कहानी एक ऐसी मां के संघर्ष को दर्शाती है, जो अपनी बेटी को संकट से बचाने के लिए हर चुनौती का सामना करती है। फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों और समीक्षकों दोनों ने सराहा। यह फिल्म वर्ष 2021 में प्रदर्शित छोरी का दूसरा भाग है। इसके निर्देशन का दायित्व विशाल फुरिया ने संभाला है। फिल्म में नुसरत भरूचा के साथ सोहा अली खान, गशमीर महाजनी और सौरभ गोयल भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई दिए। हाल ही में आयोजित इंडियन स्ट्रीमिंग अकादमी पुरस्कार 2026 समारोह में डिजिटल मनोरंजन जगत के उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में कलाकारों, कथानकों और रचनात्मक प्रतिभाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह में मनोरंजन जगत की अनेक चर्चित हस्तियां उपस्थित रहीं। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कई कलाकारों को सम्मानित किया गया, जिनमें मनोज बाजपेयी, शेफाली शाह, जयदीप अहलावत, शबाना आजमी, सान्या मल्होत्रा और अन्य प्रमुख नाम शामिल रहे। नुसरत भरूचा की इस उपलब्धि को उनके अभिनय जीवन की एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। दर्शकों और प्रशंसकों ने भी उन्हें इस सम्मान के लिए शुभकामनाएं दी हैं।




## लॉर्ड्स में जाह्नवी कपूर का स्टाइलिश अंदाज

**सादगी और शालीनता ने खींचा ध्यान**

अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए टेस्ट मुकाबले के दौरान अपने खास अंदाज से सभी का ध्यान आकर्षित किया। पारंपरिक ग्लैमरस परिधानों से अलग उन्होंने इस अवसर पर सादगी, आत्मविश्वास और आधुनिक शैली का संतुलित मेल प्रस्तुत किया। जाह्नवी ने गहरे भूरे रंग का आकर्षक परिधान चुना, जिसकी सधी हुई बनावट और साफ-सुथरा स्वरूप उनके व्यक्तित्व को और निखार रहा था। इसके साथ उन्होंने सफेद रंग का परिधान संयोजन किया, जिससे उनका पूरा रूप बेहद संतुलित और प्रभावशाली दिखाई दिया। उनकी वेशभूषा में सादगी के साथ गरिमा का विशेष ध्यान रखा गया था। कम सजावट और संतुलित शैली ने उनके व्यक्तित्व को प्रमुखता दी। हाथ में सफेद रंग का आकर्षक बैग और आंखों पर सलीकेदार धूप का चश्मा उनके पूरे रूप को और निखार रहा था। सौंदर्य सज्जा की बात करें तो जाह्नवी ने हल्के और स्वाभाविक श्रृंगार को प्राथमिकता दी। चेहरे पर प्राकृतिक आभा, हल्के रंगों का प्रयोग और सादे अंदाज ने उनके रूप को सहज और आकर्षक बनाया। वहीं खुले और हल्की लहरों वाले बालों ने उनकी उपस्थिति में अलग ही निखार जोड़ दिया। लॉर्ड्स मैदान में उनकी तस्वीरें और वीडियो सामने आने के बाद प्रशंसकों ने उनकी शैली की जमकर सराहना की। सोशल मीडिया पर भी उनके इस नए अंदाज को खूब पसंद किया जा रहा है। कई लोगों ने उनकी सादगी और आत्मविश्वास को आधुनिक फैशन का बेहतरीन उदाहरण बताया। जाह्नवी कपूर का यह रूप एक बार फिर साबित करता है कि आकर्षक दिखने के लिए भव्यता ही नहीं, बल्कि सादगी और संतुलन भी उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं। उनके इस अंदाज ने फैशन प्रेमियों को नई प्रेरणा दी है और चर्चा का विषय बना हुआ है।

# वर्ल्ड कप फाइनल में हार के बाद लियोनेल मेसी ने किया दर्द बयां




## दर्द गहरा है, इस घाव को भरने में समय लगेगा

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के खिताबी मुकाबले में स्पेन से 1-0 से अर्जेंटीना की हार को लेकर लियोनेल मेसी ने दर्द बयां किया है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप फाइनल में मिली हार से उबरने में अर्जेंटीना की टीम को सिर्फ वक्त ही मदद करेगा। इस टूनार्मेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले लियोनेल मेसी खिताब जीतने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन फेरान टोरेस के एक्स्ट्रा-टाइम गोल ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

फेरान टोरेस के गोल ने स्पेन की जीत में अहम भूमिका निभाई, जिससे अर्जेंटीना खिताबी मुकाबले में हार गई। 39 वर्षीय मेसी के 2030 में होने वाले अगले वर्ल्ड कप में खेलने की उम्मीद नहीं है, हालांकि उन्होंने अभी तक संन्यास लेने की कोई योजना घोषित नहीं की है। मेसी ने सोशल मीडिया पर लिखा, दर्द बहुत गहरा है और इस घाव को भरने में समय लगेगा। लेकिन मैं उन सभी अच्छी यादों को भी संजोकर रखूंगा। उन्होंने आगे लिखा, वे मैच जिन्हें हमने अपनी पूरी ताकत लगाकर पलटा, वे पल जो हमेशा हमारी यादों में रहेंगे और पूरे देश का समर्थन, जिसने इस ग्रुप की कड़ी मेहनत और कोशिशों के साथ मिलकर हमें एक बार फिर दुनिया की बेहतरीन टीमों में शामिल किया। अर्जेंटीना ने ग्रुप स्टेज आसानी से पार किया





और फिर फाइनल में पहुंचने के लिए अपने अगले चार नॉकआउट मैचों में देर से किए गए गोलों के दम पर जीत हासिल की। मेसी ने टूनामेंट का समापन आठ गोल और चार असिस्ट के साथ किया और कुछ लोगों का मानना था कि टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 'गोल्डन बॉल' अवॉर्ड न जीत पाना उनके लिए दुर्भाग्यपूर्ण रहा। बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व स्टार खिलाड़ी ने अपने साथियों की तारीफ की और टीम के प्रदर्शन पर गर्व जताया। उन्होंने कहा, अभी हमारी उपलब्धि की पूरी तरह से सराहना करना मुश्किल है, लेकिन यह ग्रुप लगातार दो वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचा। हर शुभकामना और संदेश के लिए दिल से धन्यवाद। एक बार फिर, हम एक देश के तौर पर एकजुट हुए और साथ खड़े रहे, अर्जेंटीना होने का गर्व महसूस किया। मैं चैंपियनशिप जीतने पर स्पेन को भी बधाई देना चाहता हूं।

## आगरा के 5 वर्षीय आयांश दुआ ने जीते दो स्वर्ण पदक, 15वां गोल्ड जीतकर बढ़ाया शहर का गौरव




**आगरा (एनएनआई)।** लखनऊ में 18 एवं 19 जुलाई 2026 को आयोजित 7वीं ओपन उत्तर प्रदेश रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप-2026 में आगरा के मात्र 5 वर्षीय आयांश दुआ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इस शानदार उपलब्धि के साथ आयांश ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे आगरा शहर का नाम भी गौरवान्वित किया है। इन दो स्वर्ण पदकों के साथ आयांश दुआ के खाते में अब तक कुल 15 स्वर्ण पदक दर्ज हो चुके हैं। इतनी कम आयु में उनकी यह उपलब्धि उनकी प्रतिभा, अनुशासन और निरंतर मेहनत का परिचायक है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश रोलर भारत संघ के सचिव डी. एस. राठौर ने आयांश दुआ सहित सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रदेश और देश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।

## कमिंस-हैजलवुड की वापसी,
### बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने घोषित की टीम




**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ अगस्त में होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 13 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हैजलवुड और अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन की टीम में वापसी हुई है। तीनों खिलाड़ी चोट के कारण हाल के मुकाबलों से बाहर थे। पहला टेस्ट 13 से 17 अगस्त तक डार्विन में और दूसरा 22 से 26 अगस्त तक मैके में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम फिलहाल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में 87.50 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर काबिज है।

## मंगलवार, 21 जुलाई राशिफल

मेष: आज आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता आपके लिए सफलता के नए रास्ते खोल सकती है। कार्यक्षेत्र में रुके हुए काम गति पकड़ेंगे और अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर लिया गया फैसला लाभ देगा।

वृष: आज घर और परिवार से जुड़ी जिम्मेदारियों को व्यवस्थित करने का अच्छा समय है। आत्मविश्वास बढ़ेगा और अपनी समझदारी से मुश्किल काम भी पूरे कर पाएंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखें और अनावश्यक खर्च से बचें।

मिथुन: आज नए संपर्क और बातचीत आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। करियर में पुराने प्रयासों का अच्छा परिणाम मिलेगा। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा और छोटी यात्रा के योग भी बन सकते हैं। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह भविष्य में लाभ दिला सकती है।

कर्क: आज परिवार और कार्यक्षेत्र के बीच अच्छा संतुलन बना रहेगा। किसी रुके हुए काम के पूरे होने से राहत मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं और नई जिम्मेदारी मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और आराम के लिए भी समय निकालें।

सिंह: आज आपकी मेहनत और आत्मविश्वास लोगों को प्रभावित करेंगे। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ सकता है और नई उपलब्धि मिलने की संभावना है। परिवार का सहयोग मिलेगा और किसी पुराने विवाद का समाधान निकल सकता है। खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखें।

कन्या: आज अधूरे काम पूरे करने के लिए दिन अनुकूल है। इंटरव्यू, मीटिंग या महत्वपूर्ण चर्चा में सफलता मिल सकती है। करियर में आपकी मेहनत की सराहना होगी और आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य और दिनचर्या पर ध्यान देना लाभदायक रहेगा।

तुला: आज आपका व्यक्तित्व आकर्षण का केंद्र रहेगा और समाज में सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी बातों को महत्व मिलेगा। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी और पुराने मतभेद दूर हो सकते हैं। नई योजना पर काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है।

वृश्चिक: आज आत्मनिरीक्षण और धैर्य से काम लेने का दिन है। भावनाओं पर नियंत्रण रखें और किसी भी फैसले में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में संतुलन बनाए रखने से लाभ होगा। ध्यान या योग करने से मानसिक शांति मिलेगी।

धनु: आज भाग्य आपका साथ देगा और करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं। वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन लाभदायक रहेगा। यात्रा या किसी नए कार्य की योजना बन सकती है। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा।

मकर: आज मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है और आपकी कार्यशैली की सराहना होगी। आर्थिक मामलों में स्थिरता रहेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी रहेगा।

कुंभ: आज मित्रों और सहयोगियों से लाभ मिलने की संभावना है। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में समझदारी से निर्णय लें और अनावश्यक बहस से बचें। परिवार के साथ समय बिताने से मन शांत रहेगा।

मीन: आज बड़े और जोखिम भरे फैसलों से बचना बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में धैर्य और समझदारी से काम करने पर सफलता मिलेगी। जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं, इसलिए खुद को परिस्थितियों के अनुसार ढालें। परिवार का सहयोग मिलेगा और आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

newsnextindia1@gmail.com
NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र
आगरा

# प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में 500 पौधों का वितरण, छात्रों ने लिया संरक्षण का संकल्प

- 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम
- स्विमिंग और स्केटिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित





एनएनआई

**आगरा।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में सोमवार को पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यार्थियों को पौधे वितरित कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश कुमार ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए प्रकृति संरक्षण समय की आवश्यकता है। साथ ही रिड्यूस, रियूज और रिसायकल के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया।

विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है, ताकि वे पौधों की देखभाल को अपनी आदत का हिस्सा बना सकें। कार्यक्रम के दौरान करीब 500 पौधे विद्यार्थियों में वितरित किए गए। छात्रों ने पौधों की नियमित देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित स्विमिंग और स्केटिंग प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। समापन पर सभी ने विद्यालय परिसर और आसपास के वातावरण को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया।

## 10 अगस्त को लगेगा बल्केश्वर महादेव मेला, तैयारियों में जुटी समिति

**महादेव मेले का पोस्टर जारी, लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद**

- खोया-पाया केंद्र, चिकित्सा सुविधा, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था रहेगी उपलब्ध



एनएनआई

**आगरा।** सावन के द्वितीय सोमवार 10 अगस्त को बल्केश्वर क्षेत्र में आयोजित होने वाले महादेव मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सोमवार को वाटर वर्क्स स्थित अतिथिवन में श्री बल्केश्वर महादेव मेला समिति ने मेले का पोस्टर जारी कर कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि मेले का उद्घाटन 9 अगस्त की शाम बल्केश्वर चौराहे पर धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया जाएगा। इसके बाद 10 अगस्त को श्रद्धालु बड़ी संख्या में बल्केश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक और पूजा-अर्चना करेंगे। मुख्य संरक्षक डॉ. कुंदनिका शर्मा और ताराचंद मित्तल ने बताया कि यह मेला शहर की धार्मिक परंपराओं से जुड़ा प्रमुख आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िये शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मेला संयोजक मुरारी लाल गोयल, हरिओम गोयल, पूजा बंसल और गिर्राज बंसल ने बताया कि बल्केश्वर महादेव मंदिर से वाटर वर्क्स चौराहे तक खोया-पाया केंद्र स्थापित किया जाएगा। प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में चिकित्सक और आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था रहेगी। अध्यक्ष महेश निषाद और कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वाल्मीकि ने बताया कि परिक्रमा मार्ग पर पेयजल की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए 9 अगस्त की शाम से 10 अगस्त तक भंडारों का आयोजन भी किया जाएगा। महिला अध्यक्ष ममता सिंघल, महामंत्री संजय श्रीवास्तव और निखिल गोयल ने बताया कि मेले में व्यवस्था बनाए रखने के लिए 100 से 150 स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी, जो प्रशासन और पुलिस के सहयोग से कार्य करेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंदर डाबर, मंजीत सिंह और डॉ. महेश फौजदार ने बताया कि यमुना में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग कराई जाएगी। श्रद्धालुओं के स्नान के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाएगी। संरक्षक मनमोहन चावला, मुन्नू चौबे और सुरेश बरेजा ने बताया कि मेले में बायो टॉयलेट, महिला पुलिस, अग्निशमन दल और गोताखोरों की तैनाती भी प्रस्तावित है। समिति ने श्रद्धालुओं से मेले में अनुशासन बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। इस अवसर पर पंडित विष्णु शर्मा, बंगाली मल अग्रवाल, वीके मित्तल, ब्रह्मा गुप्ता, राकेश त्यागी, प्रवीण गोयल, राम मोहन शर्मा, संतोष गुप्ता, स्पर्श जैन, गुरदयाल बेदी, अंशुल अग्रवाल, करतार सिंह शास्त्री, उमेश अरोड़ा, ब्रजेश वर्मा, कृष्णकुमार, विश्वनाथ भारद्वाज, राजन शुक्ला, दीपक डावर, मयंक खंडेलवाल, चांदनी बंसल, श्वेता शर्मा, पूजा गुप्ता, राखी गुप्ता, संध्या पाराशर, मेघा कौशिक, अवध गोयल, सचिन मित्तल और आशीष गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। संचालन रमन अग्रवाल ने किया।

## स्पाइसी शुगर ने सजाया बारिश की रिमझिम में आत्मीयता, मुस्कान और दोस्ती का खूबसूरत उत्सव

- रोचक खेलों, सवाल-जवाब और सम्मान समारोह के बीच खुद से प्रेम करने व जीवन को सकारात्मकता से जीने का लिया संकल्प



एनएनआई

**आगरा।** स्पाइसी शुगर संस्था द्वारा होटल हॉलीडे इन में 'आओ एक-दूजे को जानें' विषय पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच आयोजित इस आयोजन में सदस्यों ने मनोरंजक गतिविधियों, रोचक खेलों और आत्मीय संवाद के माध्यम से एक-दूसरे को और बेहतर ढंग से जाना। कार्यक्रम का माहौल उस समय और भी खुशनुमा हो गया जब मजेदार सवालों की बौछार के साथ समस्याओं पर हल्के-फुल्के अंदाज में चर्चा हुई और पूरा सभागार ठहाकों व हंसी की फुलझड़ियों से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ चांदनी ग्रोवर ने सभी सदस्यों का स्वागत कर किया।

संस्था की संस्थापक पूनम सचदेवा ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा, 'हम ही हम हैं तो क्या हम हैं, तुम ही तुम हो तो क्या तुम हो। बात तब है जब हम में तुम हो, और तुम में हम हो।' कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। सर्वसम्मति से स्टार ऑफ द मंथ का सम्मान रेणु लांबा और माला खेरा को प्रदान किया गया।

इसके अलावा शॉपिंग क्वीन का खिताब गरिमा हेमदेव, सेल्फी क्वीन श्वेता, फैशन दीवा पल्लवी, एनर्जी बॉम्ब शिखा जैन, ट्रैवल क्वीन रिम्पी, ड्रामा क्वीन मंजरी, पॉजिटिव सोल पुष्पा, हेल्पिंग हार्ट सिमरन तथा ऑलवेज स्माइलिंग का सम्मान कोमिला धर को दिया गया।

## सेंट एंड्रूज स्कूल में विद्यालय की नवीन छात्र संसद का गठन

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया सामूहिक गान**

**आगरा (एनएनआई)।** सेंट एंड्रूज स्कूल, बरौली अहीर, आगरा के वातानुकूलित सभागार में विद्यालय की नवीन छात्र संसद का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी नीलू धाकरे एवं उत्कर्ष धाकरे के साथ विद्यालय के सी.एम.डी. डॉ. गिरधर शर्मा, एम.डी. सी.ए. अपूर्वा शर्मा, अरुणा शर्मा, दिव्या शर्मा, प्रधानाचार्या साहिबा खान, उप-प्रधानाचार्या रीटा रॉय तथा बी.डी. दुबे द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय की हेड गर्ल ने मुख्य अतिथि का बैज लगाकर स्वागत किया, जबकि अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत छात्र शौर्य प्रताप ने बैज एवं हरित पौधे भेंट कर किया। विद्यालय की एम.डी. सी.ए. अपूर्वा शर्मा ने सभी अतिथियों का शाब्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीलू धाकरे ने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, उन्हें दृढ़ संकल्प एवं निरंतर परिश्रम के बल पर साकार करने तथा नेतृत्व के गुणों को जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि विद्यार्थी सिर से एड़ी तक का प्रयास करें और स्वम को समर्थ और सुरक्षित स्थिति में पहुचायें। सांस्कृतिक




कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक गान एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। विद्यालय के सी.एम.डी. डॉ. गिरधर शर्मा एवं एम.डी. सी.ए. अपूर्वा शर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में डॉ. गिरधर शर्मा ने छात्र संसद के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि एक कुशल नेतृत्वकर्ता के व्यक्तित्व में आत्मविश्वास,अनुशासन, सेवा-भाव और कुछ कर गुजरने का साहस होना चाहिए।